# स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत 14 अक्तूबर 2023 को स्वच्छता जागरूकता रैली शहर के बीचो-बीच निकाली गई। यह अभियान 2 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक मनाया जाएगा। इस अभियान के तहत अक्तूबर माह में महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट की स्वयंसेविकाओं द्वारा शहर के अलग-अलग सार्वजनिक स्थलों की सफाई व गोद लिए गांव खोखरी में पौधारोपण व साफ सफाई का कार्य करवाया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस रैली में महाविद्यालय की 55 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आरती सैनी ने कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन में विशेष महत्व हैं और हमें समय-समय पर स्वच्छता जागरूकता रैली जैसे अभियान आदि निरंतर करते रहने चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिकाएं डॉक्टर मुन्नी जागलान, श्रीमती मीना मलिक, श्रीमती अनु मौजूद रही।







पंजाब केसरी SUN,15 OCTOBER 2023
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 4

# शहर के बीचों-बीच स्वच्छता जागरूक रैली निकाली




*स्वच्छता जागरूक रैली में भाग लेती हुई छात्राएं ।* *(मित्तल)*

जींद 14, अक्तूबर (मित्तल) : हिंदू कन्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा स्वच्छता एवं जागरूक अभियान के तहत आज महाविद्यालय में स्वच्छता जागरूक रैली शहर के बीचो-बीच निकल गई।यह अभियान 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक मनाया जाएगा।

इस अभियान के तहत महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के स्वयंसेविकाओं द्वारा शहर के अलग-अलग सार्वजनिक स्थलों की सफाई व गोद लिए गांव खोखरी में पौधारोपण व साफ सफाई का कार्य इस माह में करवाया जाएगा । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर पूनम मोर ने एनएसएस यूनिट की स्वयंसेविकाओं को जागरूक रैली निकालने के लिए हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

इस सफाई अभियान में महाविद्यालय की 55 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम अधिकारी आरती सैनी ने कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन में विशेष महत्व है आते हैं।हमें समय-समय पर स्वच्छता जागरूक रैली अभियान आदि निरंतर करते रहने चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की अध्यापिकाएं डॉ. मुन्नी जागरण, मीना मलिक, अनु मौजूद रही।

